## खबर संक्षेप

### कार्यक्रम के दौरान चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

**शहडोल।** 13 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबद रही। सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान पुलिस के द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किये गये थे। जमुई हैलीपेड, शम्भूनाथ विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम स्थल, मार्ग व्यवस्था, कलेक्ट्रेट परिसर आदि में भारी सख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डी. सी. सागर ने कार्यक्रम स्थलों का भ्रमण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने इस दौरान लगातार फील्ड पर मौजूद रहकर नेतृत्व किया। कड़ी सरुक्षा व्यवस्था के चलते मुख्यमंत्री का उक्त कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सपंन्न हुआ।

### शिक्षक संघ ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**शहडोल।** शिक्षक संघ के अध्यक्ष लालजी तिवारी द्वारा दी गई लिखित जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत अभिनंदन एवं पुष्पगुच्छ, फूल माला से स्वागत किया गया। ज्ञापन के मुख्य बिंदु इस प्रकार है, जर्जर शिक्षक सदन डिस्मेंटल कराकर तत्काल शिक्षकों को सौंप दिया जाए, जिससे नया शिक्षक निर्मित हो सके जिले में शिक्षकों को उच्च पद नाम समय मान वेतनमान अर्जित अवकाश अनुकंपा नियुक्ति तत्काल प्रदान की जावे, नवनियुक्त शिक्षकों को 12 अप्रैल की घोषणा के अनुसार नियुक्त से 100 प्रतिशत पूर्ण वेतन दिया जावे। संभाग से संभागीय पेंशन अधिकारी कार्यालय हटा दिया गया है, हजारों लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। तत्काल संभागीय पेंशन कार्यालय तथा संभागीय अधिकारी शहडोल में पदस्थ किया जावे।

ज्ञापन देते समय अरुण कुमार मिश्रा प्रांतीय सचिव, लालजी तिवारी जिला अध्यक्ष, संभागीय सचिव विजय चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य त्रिभुवन द्विवेदी, जिला पदाधिकारी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन सिंह, कार्यकारिणी सदस्य गोवर्धन कुशवाहा, संजय पांडे, प्रेमनाथ मिश्रा, नगर इकाई के अध्यक्ष कैलाश जोशी, अरुण त्रिपाठी ब्लॉक अध्यक्ष सोहागपुर, ब्रज जायसवाल, प्रदीप विश्वकर्मा, आर.सी. गुप्ता, संजीव साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

### सट्टा एक्ट के तहत हुई कार्यवाही

**शहडोल।** थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत 12 जनवरी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि धनपुरी में एक व्यक्ति कागज पर अंक लिखकर रूपये-पैसों से हार जीत का दांव लगवाकर सट्टा पर्ची काट रहा है। जिस पर धनपुरी पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी शंकर रजक पिता रमेश रजक उम्र 35 वर्ष निवासी धनपुरी के कब्जे से सट्टा पर्ची, डॉट पेन एवं नगदी 330 रुपये जप्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### अवैध रेत उत्खनन में प्रयुक्त जेसीबी को पुलिस ने किया जप्त

**शहडोल।** विगत दिवस देवलोंद पुलिस द्वारा सथनी घाट बनास नदी संरक्षित क्षेत्र पर से रेत चोरी में संलग्न 03 हाईवा और पायलटिंग कर रही 01 स्कॉर्पियो कार को जप्त करते हुए रेत चोरी के गिरोह के विरुद्ध चोरी, खनिज अधिनियम एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत मौके से गिरोह के 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। जेसीबी का मालिक आरोपी निशी सिंह मौका पाकर जेसीबी सहित फरार हो गया था। पुलिस द्वारा उक्त जेसीबी को पकड़ने के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए तलाश के प्रयास किए गए।

---

विभागों की मॉनीटरिंग करें और कार्यों में पारदर्शिता व दक्षता लाएं

# जेलों का निरीक्षण कर बंदियों के पुनर्वास को प्राथमिकता दें: मुख्यमंत्री

### संभाग स्तरीय बैठक मे कानून व्यवस्था की हुई समीक्षा

**शहडोल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे जेलों का सतत निरीक्षण करें और जेलों में अच्छी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। जेलों में बंद बंदियों के पुनर्वास की व्यवस्था कराएं तथा आवश्क होने पर उन्हें विधिक सहायता भी मुहैया कराएं। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा है कि लगातार अपराध करने वाले अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। मुख्यमंत्री शनिवार को संभागीय मुख्यालय शहडोल में कानून व्यवस्था की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देशित कर रहे थे।

### औचक निरीक्षण करो, दक्षता बढ़ाओ

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कलेक्टर विभागों का औचक निरीक्षण करें तथा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाएं। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा है कि औचक निरीक्षण के दौरान किसी को अनावश्यक परेशान न करें बल्कि अधिकारियों और कर्मचारियों को सकारात्मक और परिणाममूलक कार्य करने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने विभागों की स्थिति पर विचार विमर्श किया। उन्होने अनुशासन बनाए रखने पर भी कलेक्टर को निर्देश दिए।




### पुलिस जनहितैषी भूमिका निभाएं

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य दूर दराज के क्षेत्रों में लघु अपराधों को रोकने के प्रयास किए जाएं तथा लोगों के मन से पुलिस का डर निकालने का प्रयास किया जाए। उन्होनें कहा कि आम लोगों के मन से पुलिस का डर निकलना चाहिए। इस दिशा में पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी सकारात्मक प्रयास करें। युवाओं से मिलकर सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें। उन्होनें कहा कि शहडोल संभाग में इसकी बहुत जरूरत है। बैठक में एडीजीपी डी सी सागर ने शहडोल संभाग में अच्छी कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए किए गए नवाचारों की जानकारी दी। जिसकी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सराहना की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि खुले में अवैध रूप से मांस के विक्रय पर प्रतिबंध के प्रयासों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरपालिकाएं मांस बेचने वालों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं कराएं तथा मांस बेचने के लिए उन्हें सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराएं।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विजय शाह, मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, विधायक जयसिंह मरावी, सुश्री मीना सिंह, मनीषा सिंह शिव नारायण सिंह शरद कोल अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री राघवेन्द्र सिंह, कमिश्नर गोपालचंद्र डाड वन संरक्षक शहडोल लखन सिह उईके, डीआईजी सुश्री सविता सोहने, कलेक्टर शहडोल श्रीमती वंदना वैद्य, कलेक्टर उमरिया बुद्धेश कुमार वैद्य, कलेक्टर अनूपपुर आशीष कुमार वशिष्ट, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

---

# मुख्यमंत्री को मप्र विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** म. प्र. विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन पर स्वागत के साथ ही कर्मचारियों की समस्याओं पर साहनुभूतिपूर्वक समाधान करने ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में 8 बिन्दुओं के माध्यम से अपनी मांग विद्युत कर्मचारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सामने रखी, ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शहडोल में कैंमपिंग हाउस का प्राक्कलन तैयार कर मुख्यालय में प्रस्तुत है। उक्त संबंध में तत्कालीन खाद्य मंत्री बिसाहू लाल सिंह द्वारा निर्माण हेतु लेख किया गया था तथा संगठन द्वारा वर्षों से मांग की जा रही है, निर्माण कराए जाये, राज्य सरकार के अनुभाग अधिकारियों का ब्रेड पे 01 जनवरी 2016 से 4200 से 4800 किया गया है। विद्युत कंपनियों में भी 01 जनवरी 2016 से अनुभाग अधिकारियों का ब्रेड पे 4800 किया जाये, नियमित कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान 46 प्रतिशत डी. ए. डी. आर. का भुगतान कराए जाये। संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाये एवं वर्तमान में जो भी भर्ती हो वह नियमित कर्मचारी के रूप में कराए जाने का कष्ट करें। आउटसोर्स कर्मचारियों को 60 वर्ष की उम्र तक कार्य पर रखा जाये। वर्तमान में 45 वर्ष के बाद हटा दिया जा रहा है, जो कि उचित नहीं है। कार्यालय सहायक श्रेणी-3 की भर्ती जो अनुकम्पा के आधार पर होती है, वह संविदा के आधार पर हो रही है, जबकि पूर्व क्षेत्र में ही लाइन कर्मचारियों की भर्ती लाइन परिचारक एवं परीक्षण सहायक के रूप में नियमित रूप से की जा रही है। अतः कार्यालय सहायक श्रेणी-3 की भर्ती नियमित कराए जाने का कष्ट करें। लाइन परिचारक श्रेणी-2 को पदनामित लाइन परिचारक श्रेणी-3 के पद पर उपस्थिति दिनांक से 30 वर्षीय उच्च समयमान वेतनमान दिए जाने तथा उसकी की जाने वाली कटौती को रोका जाय। सौभाग्य योजना घोटाले की जांच विधिवत करायी जाये तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के ऊपर कठोर से कठोर कार्यवाही की जावे। संघ ने कहा कि कर्मचारियों की भर्ती नहीं हो रही, जिससे शासकीय योजनाओ का लाभ तथा विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत की सुविधा समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है। निरंतर सप्लाई बनाए रखने के लिए एवं कार्यालीन कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए विद्युत कर्मचारियों की नियमित भर्ती कराए जाये। संघ के माध्यम से कर्मचारियों ने समस्याओं के अतिशीघ्र निराकरण की मांग की है।

# हैलीपैड पर मुख्यमंत्री का किया गया स्वागत



**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को नगर प्रवास पर पहुचे हैं, मुख्यमंत्री के जमुई हेलीपेड पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री के हैलीपैड पहुंचने पर मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विजय शाह, मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अध्यक्ष मध्य प्रदेश कोल विकास प्राधिकरण रामलाल रौतेल, अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, विधायक जयसिंह मरावी, सुश्री मीना सिंह, मनीषा सिंह, शिव नारायण सिंह शरद कोल, एडीजीपी डी.सी. सागर, डीआईजी सुश्री सविता सोहने, कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

---

# जन जातीय बाहुल्य संभाग का किया जाएगा समग्र विकास : मुख्यमंत्री





### जनजातीय समाज व्दारा उत्पादित मोटे अनाज की खरीदी सरकार व्दारा करने पर प्रति क्विटल एक हजार का बोनस दिया जाएगा

**शहडोल।** जनजातीय बाहुल्य संभाग शहडोल का समग्र विकास किया जाएगा। जन जातीय वर्ग की महिलाओं में अपने शौर्य और पराक्रम से देश की रक्षा की है। रानी दुर्गावती उनमें से एक है। उन्ही की याद में प्रदेश के 89 जन जातीय विकासखण्डों में प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग प्रारंभ करने की घोषणा की । इसी तरह जन जातीय समाज व्दारा उत्पादित मोटे अनाज की खरीदी सरकार व्दारा करने पर प्रति क्विटल एक हजार का बोनस देने की घोषणा पमुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मुख्यालय में आयोजित आभार यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए की । मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन जातीय समाज के लिए ऐहतिहासिक कार्य किए है। उनके कार्यो से पूरी दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढी है। केंद्र और प्रदेष सरकार मिलकर प्रदेश सरकार के एक एक संकल्प को पूरा करेगी। जन जातीय क्षेत्रों में औद्योगिक विकास करके रोजगार के नये अवसर पैदा किए जायेगे। शहडोल संभाग में सुपर फूड सहजन के खेती को बढावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 142 करोड लोगों को अपना परिवार मानते है। वे जाति पाति से दूर रहकर कर्म को सर्वोच्च स्थान देते है। उन्हें जीवन एवं गरीब लोगों के कष्ट का अनुभव है और उसी को ध्यान मे रखकर योजनाएं बनाते है तथा संचालन कराते है। कोरोना काल में देष के नागरिकों की रक्षा के साथ ही विदेशों में पढने वाले भारतीय विद्यार्थियों को भी सकुषल अपने घर पहुंचाने का कार्य किया था। आपने कहा कि मप्र का गौरवषाली इतिहास रहा है । यहां राम और कृष्ण ने षिक्षा प्राप्त की तथा बहुत सा समय बिताया है। भगवान कृष्ण ने उज्जैन में संदीपनी आश्रम में रहकर 64 कलाओं, 14 विद्याओं और वेदों का ज्ञान प्राप्त किया।

इसी तरह शहडोल का अतीत भी गौरवशाली रहा है। विराट धरती पर पांडवों ने अज्ञातवास पूरा किया है । नई शिक्षा नीति में विद्यार्थी के संर्वागीण विकास के साथ ही संस्कृति तथा इतिहास एवं रोजगारपयोगी शिक्षा को समाहित किया है । नई षिक्षा नीति को लागू करने वाला मप्र देष का पहला राज्य बना था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संभागीय मुख्यालय में नये महाविद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि प्रदेष सरकार संकल्प पत्र के हर बिंदुओ को पूरा करेगी। इस अवसर पर उन्होंने आभार यात्रा के दौरान संभागवासियों व्दारा किए गए गर्मजोशी से स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी 89 आदिवासी विकासखण्डों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु रानी दुर्गावती कोचिंग कक्षाएं प्रारंभ की जाएगी। कार्यक्रम में जयसिंह नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनीषा सिंह ने उपस्थित अतिथियों तथा मुख्यमंत्री का स्वागत भाषण से स्वागत किया।

कैबिनेट मंत्री विजय शाह, कुटीर एवं कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अध्यक्ष मध्य प्रदेश कोल विकास प्राधिकरण रामलाल रौतेल, अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, विधायक जयसिंह मरावी, सुश्री मीना सिंह, मनीषा सिंह, शिव नारायण सिंह, शरद कोल, कमिश्नर गोपालचंद्र डाड, एडीजीपी डीसी सागर, डीआईजी सुश्री सविता सोहने, कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

---

छात्रावासों में छात्रों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने निर्देश

# निर्माण कार्यों का जायजा लें व उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं : मुख्यमंत्री




**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में उच्च स्तर की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि कमिश्नर एवं कलेक्टरर्स समय-समय पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता भी सुनिश्चित करांए। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यह भी निर्देश दिए है कि शासन द्वारा संचालित छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहए।

**मीनू के अनुरूप बने भोजन**

सभी छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के रुचि को ध्यान में रखते हुए मीनू के अनुरूप भोजन बनना चाहिए। छात्रावासों में समुचित साफ. सफाई रहे। छात्रावासों में छात्र.छात्राओं को बेहतर व्यवस्थाएं मिलनी ही चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज संभागीय मुख्यालय शहडोल में आयोजित विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में अंधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी छात्रावासों का समय.समय पर निरीक्षण करें। छात्रावासों में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों से चर्चा करें। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं दिलाकर उनका विश्वास जीतना, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना हम सभी का कर्तव्य है।

**खेल मैदानों का उपयोग करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों के मैदान का उपयोग भी सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल मैदानों का बड़ी संख्या में निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि खेल मैदानों का उपयोग भी होना चाहिए। मुख्यमंत्री कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल मैदानों की रौनक बढ़नी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे सतत रूप से जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें करें अपनी प्राथमिकताएं तय करें और लोक कल्याण के कार्य कराएं।

**योजनाओं का प्रभावी संचालन हो**

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नवाचार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल संसाधनए लोक निर्माण विभाग सिंचाई परियोजनाओं, विद्युत वितरण व्यवस्थाएं प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल द्वारा शहडोल संभाग में संचालित प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक में कमिश्नर शहडोल संभाग गोपालचंद्र डाड द्वारा शहडोल संभाग में विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजनाए प्रधामंत्री ग्राम सड़क योजना, अमृत सरोवर योजना एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।

---

# मुख्यमंत्री की सुरक्षा में हुई चूक, नशे की हालत में पहुंचा युवक





**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शहडोल पहुंचने से पहले उनकी सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। एक अज्ञात व्यक्ति शराब पीकर नशे की हालत में पुलिस की वर्दी पहने सुरक्षा जवानों के बीच घुस गया और उनके बीच ही खड़ा था। दोपहर 12 बजे के आस-पास उस प्वाइंट के पास जा पहुंचा, जहां से सीएम मोहन यादव को पॉलिटेक्निक मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रवेश करना था। खबर है कि उक्त पुलिसकर्मी पुलिस प्रशिक्षण शाला उमरिया का जवान है। संभवतः उक्त वर्दीधारी को निलंबित कर दिया गया है। मध्य प्रदेश पुलिस की वर्दी पहनकर युवक पुलिस के सामने ही खड़ा होकर रौब दिखा रहा था। जिस गेट से सीएम यादव को प्रवेश करना है, उसी गेट से सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाली लड़कियां प्रवेश कर रही थीं। उसी दौरान वह नशे की हालत में उनके बीच घुस गया और बात करने लगा। जब मीडियाकर्मियों ने पूछा की अज्ञात पुलिसकर्मी नशे की हालत में लड़कियों से कैसे बात कर रहा है, तभी वह भागने लगा। अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में वह निकलकर भागने लगा, लेकिन किसी भी पुलिसकर्मी ने उसे नहीं पकड़ा, युवक नशे की हालत में था। वह पुलिस की वर्दी में था। उसकी वर्दी में मध्य प्रदेश पुलिस का फित्ता लगा था। उसके बाद भी पुलिस ने उसे नहीं पकड़ा। कुछ पुलिसकर्मी उसे कोटवार बताकर किनारे खड़े हो गए। गेट के प्रभारी टीआई रघुवंशी ने बताया कि वह कौन था उसकी हमे जानकारी नहीं। मेरी टीम में 9 लोग हैं, उनमें वो शामिल नहीं है। वह कौन था उसका पता लगवाते हैं।

## खबर संक्षेप

### विधायक मानपुर ने निज निवास में सुनी आमजनों की समस्या



**उमरिया।** विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह ने निज निवास में आम जनों की शिकायत सुनी एवं समस्या के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

### 89 बैगा हितग्राहियों को स्वीकृत किये गए आवास

**उमरिया।** मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम धुप खडा में प्रधानमंत्री जन मन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैगा जनजाति के 89 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जन मन आवास स्वीकृत किये गएए इसके साथ ही 12 हितग्राहियों के आधार कार्ड वनाये गये। इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र व्दारा रोजगार शिविर का आयोजन किया गया, स्टेट बैंक आफ इण्डिया के ग्रामीण रोजगार संस्थान व्दारा 35 महिलाओं को जैविक उर्वरक निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।

### डिप्टी कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र बेसहनी का किया निरीक्षण



**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले ने सेवा सहकारी समिति मर्यादित बेसहनी कैप चंदिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक से धान की खरीदी, किसानों द्वारा स्लॉट की बुकिंग, प्राप्त बारदानों में से उपयोग किए गए बारदानों की संख्या, बारदानों की क्वालिटी, धान के परिवहन भुगतान आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केंद्र तक आने वाले किसानों को खरीदी के समय किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखा जाए। केंद्र तक आने वाली धान की क्वालिटी का परीक्षण किया जाए। धान की तुलाई निर्धारित मात्रा के अनुसार की जाए।

### भूतपूर्व सैनिक सशस्त्र बल बैटरन्स दिवस आज मनाया जाएगा

**उमरिया।** जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों को सशस्त्र बल बैटरंस 14 जनवरी दोपहर 12 बजे से सिंधी धर्म शाला मेंआयोजित किया गया है। इस अवसर पर वीर नारी एवं वीर माताओं का सम्मान भी किया जावेगा।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 20 को

**उमरिया।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय ने बताया कि सत्र 2024.25 में जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 20 जनवरी को आयोजित की गई है। परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ पहचान, निवास सुनिश्चित करनें के लिए आधार कार्ड की मूल प्रति या आधार कार्ड न होने की दशा मे आवेदन के समय अपलोड किए गए अभिभावक के निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रति आवश्यक रूप साथ में रखने को कहा गया है।

### अवैध मदिरा जप्त

**उमरिया।** सहायक आबकारी आयुक्त कीर्ति दुबे ने बताया कि अवैध मदिरा के विक्रय, संग्रह व परिवहन पर रोक हेतु कार्यवाही की गई। कार्यवाही दौरान वृत पाली में पूनम बाई, मुदरिया कब्जे से 30 किलोग्राम महुआ लाहन व 01 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त किया। आसाम बाई मुदरिया कब्जे से 30 किलो महुआ लाहन व 1 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त किया। प्रेम बाई मुदरिया कब्जे से 15 किलोग्राम महुआ लाहन व 1 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त किया। राकेश कुमारी बरहाई कब्जे से 15 किलो महुआ लाहन व 06 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त किया। चमेली बाई बरहाई कब्जे से 15 किलो महुआ लाहन व 6 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त किया। राधिका बाई, बरहाई कब्जे से 6 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त किया। इत्ता बाई बरहाई कब्जे से 15 किलो महुआ लाहन व 6 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त किया।

# धुपखड़ा ग्राम को विवाद रहित एवं नशा मुक्त ग्राम बनाने का सभी निवासी संकल्प लें : कलेक्टर



**उमरिया।** धुप खडा ग्राम के मतदाताओं ने शत प्रतिशत मतदान कर सिध्द कर दिया है कि कुछ भी असंभव नहीं हैए यहां के लोगों के संकल्प और उसे पूरा करने के लिए जो उत्साह दिखाया है आपके प्रयासों की पूरे देश में सराहना हुई है, आपकी इस इच्छा शक्ति को देखते हुए धूपखडा ग्राम में शासन की हर योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन लाने की पहल जिला प्रशासन ने शुरू की है, साथ ही अधोसंरचना के भी सभी काम किये जायेंगे, जिसकी शुरुआत विभिन्न विभागों ने शुरू कर दी है, अब आपसे अपेक्षा है कि धुप खडा ग्राम को आदर्श ग्राम बनाने हेतु नशामुक्त तथा विवाद रहित ग्राम बनाया जाय, यहाँ के शत-प्रतिशत बच्चे स्कूल जांय तथा सौ प्रतिशत रिजल्ट भी आये, इसके लिए डाइट एवं जिला शिक्षा केन्द्र का दल यहाँ का दौरा करेगा तथा शिक्षा का नया माडल लागू करने का काम करेगा। यह विचार कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने ग्राम धुप खडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

इस अवसर पर एसडीएम टी. आर. नाग, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, सहायक आयुक्त अखिलेश पाण्डेय, जनपद पंचायत अध्यक्ष मनीष सिंह, जिला पंचायत सदस्य हेमराज सिंह, सरपंच गुलाब सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, कार्य पालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, आरईएस, सीईओ जनपद पंचायत, जिला समन्वयक जन अभियान रवींद्र शुक्ल, एनआरएलएम चन्द्र भान सिंह, बीएलओ जितेंद्र मिश्रा, पंचायत सचिव, बीईओ राणा प्रताप सिंह, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, कृषि विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय पाण्डेय ने किया तथा आभार सरपंच गुलाब सिंह ने व्यक्त किया।

सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के अवसर पर उनके संदेश जागो, उठो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो, धुपखडा वासियों ने सौ प्रतिशत मतदान कर पहला लक्ष्य प्राप्त किया है, उसे उत्साहित होकर जिला प्रशासन ने धुपखडा के समग्र विकास का मिशन प्रारंभ कर




दिया है, यहाँ सिंचाई के लिए स्टाप डैम, नवीन तालाब निर्माण, तालाब सौन्दर्यीकरण, सीसी रोड निर्माण, पशु बकरी तथा मुर्गी शेड निर्माण, बहु उद्देशीय भवन, वन धन प्रशिक्षण केन्द्र, प्रशिक्षण कार्यक्रम की पहल शुरू की गई है, कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष पाली मनीष सिंह, जिला पंचायत सदस्य तथा जे. पी. यादव ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों व्दारा स्टाल लगाये गये थे, आमजन को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही जन समस्याओं का निराकरण किया गया, शिविर में स्वास्थ्य तथा आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने राजस्व योजनाओं से 17 हितग्राहियों को, पेंशन योजना से 7 हितग्राहियों को, 25 लोगों के आयुष्मान कार्ड, 20 लोगों के बीपीएल कार्ड, पात्रता पर्ची तथा पशु, बकरी एवं मुर्गी पालन शेड के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

# राजस्व महा अभियान का संचालन 15 से 29 जनवरी तक

**उमरिया।** राज्य शासन व्दारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने हेतु राजस्व महा अभियान का संचालन 15 जनवरी से 29 जनवरी तक करने के निर्देश दिए गए है। अभियान के दौरान 15 जनवरी से 31 जनवरी तक पटवारियों द्वारा समस्तर ग्रामों में बी-1 का वाचन किया जाएगा तथा राजस्व संबंधी प्रकरण आर सीएमएस पोर्टल में दर्ज किए जाएगे। इसी तरह 15 जनवरी से 29 जनवरी तक राजस्व अभिलेख मे सुधार ए प्रकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं रिपोर्ट देने का कार्य, आधार से ई केवायसी कराने और खसरे तथा आधार के लिंक की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु किसानों को प्रेरित किया जाएगा।

अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने बताया कि राजस्वर महा अभियान के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएंगे। ग्रामों का क्लस्टर बनाकर सतत भ्रमण करेगें। अभियान में आरसीएमएस के प्रकरणों एवं अविवादित नामांतरण, बंटवाराए बंटाकन तथा अभिलेख दुरूस्ते कर शत प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण करना, आधार की ई केवायसी कराने, खसरे तथा आधार के लिंक की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु किसानों को प्रेरित करने का कार्य करेंगे। कलेक्टर व्दारा समस्त उत्तराधिकार नामांतरण बंटवारा, अभिलेख सुधार हेतु पारित आदेशों का अमल अभिलेख में सुनिश्चित कराया जाएगा। अधीक्षक भू अभिलेख महा राजस्व अभियान की प्रतिदिन की फोटोग्राफ जिले के सोशल मीडिया हैण्डलर पर प्रेषित करते हुए राजस्व विभाग को टैग करेंगे तथा दैनिक प्रगति की जानकारी से अवगत कराएंगे। बैठक में एसडीएम बांधवगढ अमित सिंहए एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अखिलेश पांडे, तहसीलदार सतीश सोनी, एसएलआर, नायब तहसीलदार तथा राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।



### नवोदय विद्यालय में युवा दिवस का आयोजन संपन्न

**अमरकंटक।** जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में प्राचार्य डाकटर एस.के. राय के मार्गदर्शन और नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम विवेकानंद के छायाचित्र माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा भाषण हिंदी, अंग्रेजी और उड़िया में दिये गये, गीत, कविता व रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया, शिक्षक रमेश सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किये। युवा मैराथन दौड़ का आयोजन किया जिसमें 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया जो विद्यालय परिसर से सोनमुडा से माई की बगिया से विद्यालय परिसर पर समाप्त की जिसे प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तत्पश्चात सामूहिक सूर्य-नमस्कार किया गया जिसमें 500 विद्याथियो ने भाग लिया। इसके पश्चात चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य ने विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन संगीत शिक्षक शेख वाहिद द्वारा किया एवं आभार वरिष्ठ शिक्षक डॉ. एके शुक्ला द्वारा व्यक्त किया गया।

### महिला सशक्तिकरण सप्ताह का किया गया आयोजन



**कोतमा।** महिला बाल विकास परियोजना कोतमा में 10 जनवरी से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत परियोजना अधिकारी सतीश कुमार जैन के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय महिला सशक्तिकरण सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन 11 जनवरी को विकासखंड स्तर पर गठित लाडली क्लब की सदस्य बालिकाओं के लिए विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एवं मकर संक्रांति के वैज्ञानिक महत्व पर परिचर्चा की गई तथा कक्षा नवमी 12वीं तक की बालिकाएं एवं 19 से 45 वर्ष की महिलाओं को डिजिटल वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण दिया गया। कक्षा छठवीं कक्षा बारहवीं तक की बालिकाओं एवं महिलाओं को साइबर क्राइम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 12 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार तथा परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास पर्यवेक्षक श्रीमती चिंती घोरमारे कार्यक्रम के अध्यक्ष भारतीय प्रजापति आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुषमा केवट सहायिका उर्मिला प्रजापति एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### वन विभाग के शिकायत के चार दिन बाद भी नही जागी कोतमा पुलिस

**कोतमा।** वन परिक्षेत्र कोतमा के देवरी लोढी बीट अंतर्गत गोहडारी नदी पर 8 जनवरी की रात रेत चोरो ने वन कर्मियों से मारपीट की थी। गोहडारी नदी पर रेत चोरी की सूचना पर रोकने पहुंचे सुरक्षा श्रमिक शारदा यादव के साथ मारपीट की गई। शारदा ने जिस मोबाइल से रेट चोरी का वीडियो बनाया था उसे जबरिया छीन कर पानी में फेंक दिया गया था। आरोपियों के द्वारा जबरिया ट्रैक्टर छुड़ाकर नदी से दूर भाग गए थे। जिसकी शिकायत वन विभाग के द्वारा रात में ही कोतमा थाने में दी गई थी। कोतमा थाने की स्थिति यह है कि चार दिन बाद भी कोतमा पुलिस के द्वारा आरोपियों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई यहां तक कि वन विभाग के द्वारा 9 जनवरी को कोतमा पुलिस से मदद मांगी थी कि आप अपना स्टाफ हमारे साथ भेज दे जिससे हम लोग आरोपियों के कब्जे से ट्रैक्टर को जप्त करने लेकिन तीन दिन बाद भी कोतमा पुलिस के द्वारा ना तो वन विभाग का सहयोग करते हुए उन्हें पुलिस स्टाफ दिया गया और ना ही आज तक वन विभाग के द्वारा लिखित में की गई शिकायत की जांच करते हुए आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

### परिषद प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की मनाई गई 161वीं जयंती



**राजनगर।** 12 जनवरी को कार्यालय प्रांगण नगर परिषद डूमरकछार मे अध्यक्ष डॉ.सुनील कुमार चौरसिया की उपस्थिति में वक्ता और गहन आध्यात्मिक व्यक्ति स्वामी विवेकानंद जी की 161वी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. चौरसिया ने स्वामी विवेकानंद जी के संदेशो को बताते हुए कहा कि वह कहते थे कि जब तक आप स्वयं पर विश्वास नहीं करते तब तक आप ईश्वर पर विश्वास नहीं कर सकते। उठना, जागना और तब तक न रुकें जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। आपको अंदर से बाहर तक बढ़ना होगा। कोई तुम्हें सिखा नहीं सकता, कोई तुम्हें आध्यात्मिक नहीं बना सकता। आपकी अपनी आत्मा के अलावा कोई अन्य शिक्षक नहीं है। दिल और दिमाग के बीच टकराव में अपने दिल की सुनें अध्यक्ष श्री चौरसिया आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के शाश्वत मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत हैं जिनसे युवाओं को प्रेरणा मिलती है। उक्त जयंती अवसर पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के आम नागरिक एवं परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### एक दिन में तीन लंगूरों की अज्ञात वाहन दुर्घटना में मौत

**वनविभाग ने घायल शावक का कराया इलाज**

**अनूपपुर।** वन परिक्षेत्र अनूपपुर अंतर्गत पोड़ी बीट ने गुरुवार की दोपहर तीन अलग-अलग स्थानो पर मुख्यमार्ग में अज्ञात वाहनों से टकराने पर तीन लंगूर-बंदरों की मौत हो गई वहीं एक मादा लंगूर का शावक के घायल होने पर वनविभाग के कर्मचारियों द्वारा पोडी वननाका में पशु चिकित्सक से उपचार कराया गया है। इस संबंध में अब तक मिली जानकारी के अनुसार अनूपपुर-जैतपुर मुख्य मध्य सोननदी के किनारे गुरुवार की दोपहर 12 बजे अज्ञात वाहन की ठोकर से एक मादा लंगूर बुरी तरह कुचलकर मृत हो गई जबकि उसका एक शावक घायल हो गया जिसकी सूचना पर पोडी बीट के बीट प्रभारी दिनेश कुमार रौतेल, सोनमौहरी बीट प्रभारी राजबली साकेत, भोलगढ़ बीट प्रभारी रोहित उपाध्याय, अनूपपुर के वन्यप्राणी संरक्षक शशिधर अग्रवाल, सुरक्षा श्रमिकों के साथ मौके पर पहुंचकर मृत मादा के शव को रखते हुए घायल शावक को वन नाका पोंड़ी लाकर पशु चिकित्सक से उपचार कराया। इस बीच बरबसपुर में कक्ष क्रमांक आरएफ 302 के मुख्यमार्ग में तथा एनएच 43 में भोलगढ़ गांव की समीप वाटरशेड तालाब के पास कक्ष क्रमांक 404 में लंगूर-बंदर अज्ञात वाहनों से टकराने पर मृत मिले तीनों बंदरों के शवो को पोड़ी बीट के जंगल में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार पंचनामा तैयार कर दाह संस्कार किया गया वहीं घायल शावक को स्वतंत्र विचरण हेतु उनके परिवारों के पास ही छोड़ दिया गया है।

### डीवीएम पब्लिक स्कूल अमलाई में मनाई गई विवेकानन्द जयंती



**अनूपपुर।** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती डीव्हीएम पालिक स्कूल अमलाई में शूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डीके सिंह एवं समस्त शिक्षक तथा छात्रों द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य डीके सिंह ने विवेकानन्द जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये बच्चों को बताया कि उठो जागो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये। विवेकानन्द जी के इस वाक्य को बच्चों को अपने जीवन में अपनाने का एवं स्वामी विवेकानन्द जी की शिक्षा के शान भारतीय संस्कृति को विदेशों में प्रचार-प्रसार करने को अपने में समाहित करें। उनका मानना था कि जितना बड़ा संघर्ष होगा उतनी ही शानदार जीत होगी। अगर खुद को ताकतवर सोचते हो, तो तुम ताकतवर हो जाओगे। स्वामी जी की जयन्ती पर विद्यालय के छात्रों द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार व प्राणायाम कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में किया गया।

### 23 साल सेवा देने के बाद शिक्षिका हुई सेवानिवृत्त

**स्टाफ एवं अभिभावकों ने दी भावभीनी विदाई**



**अनूपपुर।** संकुल केंद्र फुनगा ग्राम चटुआ में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती चंद्रकला तिवारी का विगत दिवस विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। पूरे जीवन शिक्षक के रूप में बच्चों में ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाली शिक्षिका के सेवानिवृत्ति पर उन्हें स्टाफ व अभिभावकों ने भावभीनी विदाई दी शिक्षिका चंद्रकला तिवारी ने कहा कि शिक्षक सेवानिवृत्ति होता है किंतु उसके द्वारा दी गई शिक्षा निरंतर विद्यमान रहती है। अभी स्टॉप एवं अभिभावक संकुल प्राचार्य एन के द्विवेदी, अरविन्द सिंह, एम के नामदेव, सीएसी मथुरा प्रसाद केवट, राजाराम द्विवेदी, स्वामी लाल टांडिया, राम दास पनिका, अशोक कुमार पटेल, संजीव कुमार पटेल, प्रदीप सिंह, श्रीमती प्रियंका तिवारी, अनीता तिवारी, निर्मला गर्ग, सविता यादव, कृष्णा कंवर, दीपिका सिंह, आशा आहके, प्रियंका मिश्रा, कृष्ण ज्योति मिश्र, संकुल केंद्र के सभी शिक्षक शिक्षिका एवं केपी तिवारी, चंद्रिका प्रसाद मिश्रा, चंद्र भूषण मिश्रा, सुमन मिश्रा, कविता मिश्रा, रेखा द्विवेदी, दामिनी द्विवेदी, दीपक द्विवेदी मयंक मिश्रा, सुभाष मिश्रा, रुद्र मिश्रा, अंशु तिवारी, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन देवधर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो ने सेवा निवृत्ति षिक्षिका को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# वंचित और छूटे हितग्राहियों को दिया जा रहा हितलाभ-दिलीप जायसवाल

**कोतमा।** पहली बार सरकार द्वार तक पहुंचकर लोगों को उनकी पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं का हितलाभ प्रदान करने का व्यापक अभियान चला रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली रथ के माध्यम से वंचित और छूटे हुए लोगों को उनके हितलाभ दिए जाने का कार्य हो रहा है। उक्ताशय के विचार मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने नगर परिषद डोला एवं बनगवॉ (राजनगर) में आयोजित विकसित भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी, नगर परिषद डोला की अध्यक्ष श्रीमती रीनू कोल, उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के अध्यक्ष यशवंत सिंह, उपाध्यक्ष धनजय सिंह, प्रेमचंद्र यादव, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। मंत्री ने कहा कि लोगों के भावनाओं के अनुरूप क्षेत्र के




विकास और उन्नयन के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने वार्ड पार्षद घर-घर सम्पर्क कर हर पात्र व्यक्ति को शासकीय योजनाओं का लाभ आवेदन भरवाकर उन्हें दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण कर पात्रतानुसार लाभ दिलाने के निर्देश देते हुए कहा कि आवेदनकर्ता यदि अपात्र है, तो उसे लिखित में अवगत कराया जाए। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

उन्होंने निर्देश दिए कि काश्तकारों की समस्याओं के निराकरण के लिए हल्का पटवारी अपने मुख्यालय में रहें। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने क्षेत्रीय विकास से संबंधित कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बड़े शहरों के तर्ज पर यहां के विद्यार्थियों के लिए भी विकसित शिक्षा सुविधाओं के साथ ही कोचिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो। जिससे क्षेत्र के बच्चे लाभान्वित होकर विकास के नए पायदान तय कर सकें। कार्यक्रम में खाद्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, आयुष विभाग, मछली पालन विभाग, उद्यान विभाग, बैंक आदि ने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी आम जनों को उपलब्ध कराई तथा हितलाभ संबंधी आवेदन नागरिकों से प्राप्त किए।

### आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प

भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने, नागरिक होने का कर्तव्य निभाने के संबंध में विकसित भारत संकल्प की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति

विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाभार्थियों ने जानकारी की साझा केन्द्र सरकार की प्रवर्तित योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत प्राप्त लाभ तथा विकास से संबंधित जानकारी साझा की गई।

### मंत्री का आज ऐसा होगा कार्यक्रम

कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 14 जनवरी को प्रातः 9 बजे बिजुरी से शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे तथा शहडोल पहुंचकर प्रातः 10:45 बजे बाण गंगा मकर संक्रांति मेले का उद्घाटन करेंगे। प्रातः 11:15 बजे शहडोल से कोतमा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12:45 बजे कोतमा पहुंचकर विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। शाम 7 बजे कोतमा से बिजुरी हेतु प्रस्थान करेंगे तथा बिजुरी में रात्रि विश्राम करेंगे।

## खबर संक्षेप

### पलास कुमार सीए बने



धनपुरी। एसईसीएल. सोहागपुर क्षेत्र के शारदा ओपन कास्ट माइंस से सेवानिवृत्त सीनियर मैनेजर स्वर्गीय प्रदीप कुमार तालुकदार के सुपुत्र पलास कुमार तालुकदार ने 2023 - 24 की परीक्षा पहले प्रयास में ही चार्टर्ड एकाउंटेंट की बिलासपुर छत्तीसगढ़ से पास किया। इनकी प्रारंभिक शिक्षा हाईस्कूल तक कार्मेल कान्वेंट में पढ़ने के बाद बाकी शिक्षा पूरी की स्कूली पढ़ाई में सदैव कक्षा में प्रथम रहते थे।बचपन से सीए बनने का लक्ष्य लेकर पढ़ाई कर रहे थे। इनके पिता की मंशा भी पलास कुमार के लक्ष्य तक पहुंचाने की थी जिसे पुत्र ने प्राप्त किया। उसके परिवार इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### शहर में अतिक्रमण कार्य निरंतर जारी

रीवा। निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शहर में हो.रहे अतिक्रमण पर अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड 15 गड़रिया मोड़ गायत्री बिहार मैरिज गार्डेन के पास विना अनुमति के अवैध निर्माण की शिकायत प्राप्त होने पर अतिक्रमण दल द्वारा मौके में पहुँच कर अजय कुमार पिता मुन्नू राम भुजवा द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण को तत्काल बन्द कराये जाने की कार्यवाही की गई एवं वार्ड 10 शिल्पी उपवन मोड़ के पास एंगल लगाकर अमित अग्निहोत्री द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था जिसे हटाये जाने की कार्यवाही नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी श्री ज्ञानेंद्र द्विवेदी की टीम द्वारा की गई। साथ ही शहर के प्रमुख मार्गो से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही एवं फल, ठेला दुकानदारो को व्यवस्थित कराये जाने की कार्यवाही की गई।

बंगवार, खैरहा माइंस के ठेका श्रमिक परेशान, कार्यवाही की मांग

# जेएमएस कंपनी द्वारा ठेका मजदूरों का शोषण

धनपुरी। जेएमएस कंपनी द्वारा बंगवार मांइस, खैरहा माइंस में कार्यरत ठेकेदारी कर्मचारियों को हाई पावर कमेटी की अनुशंसा के तहत वेतन व पीएफ राशि निकालने हेतु आवेदन के बावजूद पीएफ राशि का भुगतान कराया नहीं किया जा रहा है। यह भी आरोपित किया गया है कि पूरा मेहनत करने के बाद भी जेएमएस कंपनी द्वारा कर्मचारीयों को आधा पेमेंट मिलता है इसके बाद भी कर्मचारी सच बताने से डरते हैं क्योंकि सच बताने पर उन्हें नौकरी से हटा दिया जाता है। ऐसे कर्मचारी जेएमएस कंपनी में कार्यरत है।

### आधा वेतन, पूरा काम

कोल कंपनी के द्वारा निर्धारित वेतन से आधा दिया जाता है। कंपनी कर्मचारियों का पेमेंट खाते में डालती है लेकिन खून पसीने की कमाई उनकी मेहनत का पैसा वापस ठेकेदार को देना पड़ता है ना देने पर दूसरे दिन से उस कर्मचारी का खदान में काम के लिए जगह नहीं मिलती इस डर से कर्मचारी कुछ भी बताने से भी डरे रहते हैं जितना पेमेंट मिल गया उतने में संतुष्ट खुश हैं। प्रबंधन इस संबंध में जान कर भी अंजान है ठेकेदार हो रहे मालामाल ट्रेड यूनियन ने पूर्व में अपने डेलिकेशन मे यह आरोपित किया कि प्राइवेट कंपनी के द्वारा श्रमिकों का शोषण हो रहा है उनका निर्धारित वेतन ठेकेदार मजदूरों को मिलना चाहिए लेकिन ठेकेदारी की मनमानी किसी का जोर नहीं चल रहा है अंजान ठेकेदार मजदूरो का है बुरा हाल।

### कौन करेगा उद्धार

आखिर इन अनपढ़ कर्मचारियों की मेहनत की कमाई पर डाका डालने वाले से मुक्त कौन कराएगा कर्मचारियों का हक का पैसा कौन पूरा दिला पाएगा यह प्रश्न कर्मचारियों के जहन में तो है लेकिन जुबान में नहीं आता घबराए हुए हैं इस सच्चाई से पर्दा कौन उठा पाएगा सोहागपुर एरिया में ऐसा कोई नेता ईमानदार है जो कर्मचारियों खून पसीने मेहनत की कमाई का हक दिला सके। ठेकेदार मजदूरों की माने तो उन्हें पूरा माह उनसे काम नहीं लिया जाता जितना पेमेंट बंता है उस मेहनत की कमाई से भी ठेकेदार को वापस करना पड़ता है।




### हर तरह शोषण

ठेकेदार मजदूरों को मेडिकल सुविधा से संचित है रहने के लिए क्वार्टर की व्यवस्था तक नहीं किया गया है ठेकेदार मजदूरों का हर तरह से शोषण हो रहा है जिस पर किसी तरह का आवाज उठाने वाले श्रमिक संगठन के नेताओं के भी जोर अब नहीं चल रही है बेचारे वक्त के मारे अब कौन करेगा बेड़ा पार।

## बकरी चोरों को भेजा जेल

ब्यौहारी। ब्यौहारी थाना के अंतर्गत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बकरी चुराने वालों को जेल भेज दिया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि फरियादी गोरेलाल पाल पिता पतिया पाल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम पथरहटा थाना ब्यौहारी जिला शहडोल ने रिपोर्ट लेख कराया कि भेंड एवं बकरा को चराने के लिए जंगल तरफ ले गया था। भेंड बकरियों को चराकर शाम करीब 06.00 बजे घर वापस लाकर घर के बगल मे बने सार मे बांध दिया था । रात्रि करीब 2.00 बजे भाभी श्यामकली ने उठकर देखी तो भेंड बकरी नही थी। सार में देखा तो छोटे छोटे बडे 50 नग भेंड एवं 02 नग बकरा नही था फिर सुबह जंगल तरफ जाकर खोजबीन किया तो जंगल मे 7 नग भेंड मिल गई। जिन्हे घर लेकर आ गया हूँ। विवेचना के दौरान मामले मे धारा 457,380 ताहि. का इजाफा किया गया एवं अज्ञात आरोपियो की लगातार पता तलाश कर आरोपी राजकुमार पिता अमोले रैदास, बृजेन्द्र रैदास पिता समयलाल रैदास, रोहणी रैदास पिता रामधनी रैदास, महेश प्रसाद पिता भोला प्रसाद रैदास, बालगोविन्द पिता विश्वनाथ रैदास, संतोष पिता विष्णु रैदास, उदयभान पिता धनकू रैदास सभी निवासी ग्राम लपरी थाना सीधी को दस्तयाब कर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार करते हुए बताये कि 43 नग बकरी एवं 02 नग भेड सहित कुल 96600 रू. में बेचा जो 43630 रू. बरामद किया गया एवं शेष राशि खर्च कर देना बताये । अपराध प्रमाणित पाये जाने से उपरोक्त समस्त आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जो न्यायिक हिरासत में है ।

### पत्थर का अवैध परिवहन करते जेसीबी व हाइवा हुए जप्त

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार पर उपसंचालक खनिज प्रशासन के नेतृत्व पर खनिज विभाग द्वारा सुबह से खनिज का अवैध उत्खनन परिवहन करने के सम्बद्ध में कार्यवाही की गई जिसमें जांच दौरान के ग्राम मरहा दादर मोड़ पर अवैध उत्खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन टाटा हितेची 210 जप्त किया जाकर सुपुर्दगी में खड़ा कराया गया उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया । जे पी कंपनी द्वारा ग्राम मरहा में खनिज चुना पत्थर का बिना रायल्टी से परिवहन करते हुए 02 हाइवा mp20 ZE 2142,OD35 G 1661 द्वारा परिवहन करते हुए बिना दस्तावेज के पाए जाने पर वाहनों को जप्त कर सुपुर्दगी में सुरक्षरत खड़ा कराया गया।,सभी वाहनों पर अवैध परिवहन व उत्खनन के प्रकरण पंजिबद्ध किये गए, कार्यवाही में खनि निरीक्षक वीर सिंह एवं खनिज अमला उपस्थित रहा।

## अज्ञात व्यक्ति लड़की को बहला फुसलाकर ले भागा

ब्योहारी। अज्ञात व्यक्ति लड़की को बहला फुसलाकर ले भागा। घटना के अनुसार सूचना करता नाथूराम पिता कमल उम्र 40 वर्ष निवासी हुडरहा थाना जैसीनगर जिला शहडोल निवासी अपनी पत्नी नान बाई ससुर गोरेलाल के साथ थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट लेख कराया गया कि 21/11/23 को शाम को लगभग 6:00 बजे मैं और मेरी पत्नी हम दोनों घर में अपने बच्चों को छोड़कर अपने ससुरला चारकवाह चले गए थे। रात अपने ससुरला चारकवाह में ही रुक गए थे। मेरी दोनों लड़की घर में थी। मेरी छोटी लड़की हैंडपम्प में पानी लेने गई, आई तो देखी किरन घर में नहीं थी, घर से गायब थी, आस पड़ोस में पता तलाश की जो कोई पता नहीं चला,फिर मेरे छोटे भाई धनपत चर्मकार से बताई की दीदी को घर में छोड़कर मैं हैंडपम्प में पानी लेने चली गई थी ,पानी लेकर वापस आई तो दीदी घर में नही है/पता नहीं कहा चली गई है,मेरे छोटे भाई भी पता तलाश किया जो कोई पता नहीं चला फिर मेरा छोटा भाई मेरे ससुराल आकर मुझको घटना की बात बताया तब मै तत्काल अपने पत्नी के साथ अपने घर वापस आया आस आस- पड़ोस नात रिश्तेदारी में पता तलाश किया जो मेरी लड़की का कोई पता नहीं चला, जिसकी उम्र 16 वर्ष 7 माह है। जिसको कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है।



### अमलाई में रक्त शिविर का आयोजन किया गया

अमलाई। स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रक्त नारायणी राजकुमारी देवी द्वारा प्रेरित कर अमलाई में रक्त शिविर का आयोजन किया गया जिसमे मां नर्मदा स्वास्थ्य सेवा व लोक सेवा समिति के सहयोग से यह आयोजन किया गया जिला अस्पताल रक्त सेवा केंद्र उमरिया की टीम की उपस्थिति में अनेकों रक्तवीरों और वीरांगनाओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया शिविर में मां नर्मदा स्वास्थ्य सेवा व लोकसेवा समिति संचालक श्यामसुंदर बगड़िया, मुख्य अतिथि कुंवर केशव प्रताप सिंह, गणेश अग्रवाल पूर्व शासकीय अधिवक्ता एवं ग्राम पंचायत बटुरा सचिव पुष्पेंद्र शुक्ला के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। जिसके बाद रक्तदाताओं और अतिथियों को स्वल्पाहार दिया गया। बताया कि डिजिटल प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाले युवक को भेजा जेल

ब्यौहारी। फरियादी सौरभ केसरी पता राजेन्द्र प्रसाद उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 14 ब्यौहारी का थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि उसकी बहन उम्र 19 वर्ष की घर से बिना बताये कहीं चली गई जिसकी सूचना पर थाना मे गुमइंसान पंजीबद्ध कर जांच मे लिया गया। वार्ड क्र. 14 मे ही शिव एवं हनुमान मंदिर के सामने कुआं के पानी मे एक शव है जिसको बाहर निकालकर पहचान कार्यवाही कराई गई जो शव गुमशुदा का है। बाद मौके पर शव पंचनामा कार्यवाही बाद थाना मे मर्ग क्र. 03/2024 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच मे लिया गया । मृतिका के पिता राजेन्द्र प्रसाद निवासी वार्ड क्र. 14 ब्यौहारी के शव पंचनामा कार्यवाही बाद शव का पी.एम. सी.एच.सी. ब्यौहारी के डाक्टर टीम द्वारा कराया गया जो डाक्टर टीम द्वारा मृतिका के पी.एम. रिपोर्ट मे मृत्यु का कारण पानी मे डूबने दम घुटने से होना लेख किये है । मर्ग जांच कार्यवाही, मृतिका के मोबाईल का काल डिटेल, कथन मृतिका के पिता, भाई, गवाहान, पी.एम. रिपोर्ट आदि का अवलोकन करने बाद आरोपी अनुराग उर्फ दीपू चतुर्वेदी पिता रावेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 06 मझौली थाना मझौली जिला सीधी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जो जिसे माननीय न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत पर भेजा गया।

## हर घर में 22 को 11 खुशियों के दीप जलाएं - उप मुख्यमंत्री

रीवा। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अवसर को पूरे देश में उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस क्रम में जिले के सभी प्रमुख मंदिरों और धार्मिक स्थलों में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले भर में भगवान राम के जीवन चरित्र तथा रामकथा के आख्यानों से जुड़े विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इस संदर्भ में उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी का दिन हम सबके लिए गौरव और उल्लास का दिन है। पूरे जिले में अयोध्या भगवान श्रीराम के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा को त्यौहार के रूप में मनाया जाए। आमजनता को 22 जनवरी को अपने घरों में 11 खुशियों के दीपक जलाने के लिए प्रेरित करें। अयोध्या में मनाए जा रहे भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से हर व्यक्ति को जोड़ने का प्रयास करे। जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर उनके परिसर को सुंदर बनाएं। चिरहुला नाथ मंदिर, रानी तालाब मंदिर, महामृत्युंजय मंदिर, कष्टहर नाथ मंदिर गुढ़ तथा देवतालाब शिव मंदिर जैसे प्रमुख मंदिरों में विशेष साज-सज्जा कराएं। इन मंदिरों में रामचरित मानस के पाठ, रामधुन, राम रक्षा स्रोत के पाठ जैसे आयोजन भी कराएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़े अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप सभी प्रमुख मंदिरों तथा धार्मिक स्थलों में सप्ताह भर के विभिन्न आयोजनों का कार्यक्रम निर्धारित करें। सांसदगण, विधायकगणों, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा प्रमुख मंदिरों के पुजारियों के साथ एसडीएम बैठक करके कार्यक्रमों का निर्धारण करें। जिले भर में 22 जनवरी तक भगवान राम के चरित्र, रामकथा तथा भगवान राम से जुड़े विभिन्न आख्यानों के संबंध में परिचर्चा, संगोष्ठी, भाषण, चित्रकला, रंगोली एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित कराएं। मंदिरों में रामधुन और रामचरित मानस के पाठ का भी आयोजन कराएं। सभी कार्यक्रम धार्मिक संगठनों एवं आमजनता के सहयोग और सहभागिता से आयोजित करें। बैठक में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शामिल रहे।



## झोंकमती माता मंदिर एवं प्रपात क्षेत्र का पर्यटक क्षेत्र के रूप में होगा विकास - कलेक्टर

मऊगंज। कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा जिले के हनुमना विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मझिगवां स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर द्वारा किए गए निरीक्षण दौरान गौशाला में 120 गाय पाई गई वहीं गौशाला में बेहतर व्यवस्था पाई गई। गौशाला साफ सुथरी मिली । गौशाला में गौवंश की सुरक्षा हेतु दो की संख्या में चरवाहे सेवा दे रहे हैं। कलेक्टर के निरीक्षण दौरान जनपद सीईओ एवं स्थानीय सरपंच तथा कई अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय सरपंच द्वारा कलेक्टर श्री श्रीवास्तव को बताया गया कि दोनों चरवाहे गायों को लेकर चराने के लिए है। गौशाला के पास पानी की व्यवस्था यहां पर नहीं है। जिस पर कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा पीएचई विभाग से बात कर गौशाला के पास पानी की व्यवस्था कराए जाने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि गोवंशों की बेहतर व्यवस्था हेतु अच्छी व्यवस्था की जाएगी जिससे गौवंशों को चारा पानी के लिए परेशानी न हो।





### कलेक्टर ने झोकमती माता के किए दर्शन

हनुमना जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझिगवां गौशाला के पास झोंकमती माता का मंदिर हैं जो एक गुफा टाइप की है। और बहुत पुरानी है बहुत ऐतिहासिक है यहां बड़ी संख्या में यूपी और एमपी के श्रद्धालु इकट्ठे होते है काफी बड़ी भीड़ होती है। जहां पहुंचकर कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने देवी माता का दर्शन कर क्षेत्र के सुख शांति का आशीर्वाद लिया।

### झरने का लिया जायजा -

मंदिर के पास ही स्थित पुराना झरना जिसका बारिश मे बहुत ही मनमोहक दृश्य होता है। इसी झरने से निकलकर एक नाला बनता है और आगे चलकर उसमें बहुत अच्छा जलप्रपात बनता है। जिसका भी कलेक्टर द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया गया और जनपद सीईओ हनुमना को निर्देश दिए कि जो झरना है उससे निकलने वाले नाले में हर आधा किलोमीटर में स्टॉप डैम या चेक डैम ऐसे बनाया जाए सीरीज में ताकि लगातार बारिश का पानी रुकता रहे और लगातार अधिक बारिश के पानी का प्रवाह इसमें बना रहे। और आवश्यकता अनुसार पानी का भराव हो सके। डैम में पानी भरने से स्थानीय स्तर पर बेहतर पानी सुलभ होगा पशु पक्षियों से लेकर पर्यटकों के लिए बेहतर पानी सुलभ हो सके। उन्होंने बताया कि इस स्थान पर पर्यटकों की काफी भीड़ होती है इसको हम टूरिस्ट स्पॉट के रूप में डेवलप करेगे । जो पर्यटकों के लिए या श्रद्धालुओं के लिए पीने का पानी हैं और बेहतर व्यवस्था के साथ शेड एवं शौचालय वगैरह डेवलप किया जावेगा।

## कलेक्टर मऊगंज ने हायर सेकेंडरी विद्यालय मझिगवां का किया औचक निरीक्षण

मऊगंज। कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव शुक्रवार 12 जनवरी को मऊगंज जिले के हनुमना विकासखंड अंतर्गत आने वाले हायर सेकंडरी विद्यालय मझिगवां का औचक निरीक्षण किए। इस दौरान कलेक्टर द्वारा विद्यालय में पठन-पाठन से लेकर अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय में बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ साफ सफाई एवं अन्य शासन की योजनाओं संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक बच्चों की पढ़ाई में विशेष ध्यान देवे। कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त क्लास चलाएं। साथ ही बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करें। साथ ही बच्चों को लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों से अवगत कराएं जिससे लाइब्रेरी में बैठकर बच्चे अध्ययन कर सके। परीक्षा परिणाम बेहतर लाने के लिए बच्चों के बीच टीम का गठन करें। अच्छे विद्यार्थियों द्वारा टोली बनाकर पढ़ाई कराएं जिससे बच्चों में जागरुकता आएगी और बेहतर पढ़ाई करेंगे। परीक्षा परिणाम बेहतर लाने हेतु ऐसी तैयारी करें कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम 80 फ़ीसदी से अधिक आवे। प्रतिदिन विद्यालय न आने वाले बच्चों के अभिभावकों एवं गांव के जागरूक लोगों को टीम में जोड़ें जिससे बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आए। और बेहतर पढ़ाई कर सके।



### अपूर्ण भवन पर निर्माण एजेंसी पर कार्यवाही के दिए निर्देश -

हनुमना जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाली हायर सेकेंडरी विद्यालय मझिगवां के निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने पाया कि विद्यालय के दो अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। भवन निर्माण तो कर दिया गया लेकिन 10 वर्ष गुजर जाने के बाद भी आज तक युक्त भवन का संबंधी निर्माण एजेंसी द्वारा प्लास्टर नहीं किया गया। जिसके संबंध में जनपद सीईओ के द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच के द्वारा निर्माण कराया गया था। लेकिन प्लास्टर का कार्य आज तक नहीं कराया गया। जिस संबंध में कलेक्टर ने जांच कर संबंधित निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए वसूली हेतु निर्देशित किए। इस दौरान एसडीम जनपद सीईओ तहसीलदार सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


## युवा दिवस पर व्हालीवाल खेल प्रतियोगिता का हुआ संपन्न



मऊगंज । जिले मे राष्ट्रीय युवा दिवस के अंतर्गत संभागीय खेल युवा कल्याण अधिकारी रीवा के संरक्षण में वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय कन्या के खेल मैदान में वॉलीबॉल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आर डी वर्मा गौरी विद्यालय सी एम राइज प्रचार बीके सिंह कन्या विद्यालय प्राचार्य अमरनाथ तिवारी, आर एच पटेल कन्या गौरी विद्यालय, शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हनुमना के पीटीआई अरुंधर द्विवेदी ब्लॉक युवा समन्वयक विकासखंड हनुमना श्रीमती पुष्पा देवी पटेल, नवीन पटेल, अभिषेक द्विवेदी, आदित्य केसरी आदि लोग शामिल रहे।

खबर संक्षेप

## सेल्समैन ही करवा रहा राशन दुकान से चोरी



**अनूपपुर।** पीडीएस गोदाम क्रमांक 4804033 ग्राम पंचायत मुंडा में 12 जनवरी को रात्रि 11:30 बजे सेल्समेन सोहन यादव एवं आनंद चौधरी रफीक खान उर्फ भूरा निवासी वेंकटनगर द्वारा गेहूं एवं चावल का चोरी कर ले जाते ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया। शुक्रवार रात 8 बजे राशन लेकर गाड़ी पीडीएस गोदाम मुंडा पहुंचा राशन को खाली करने के बाद सेल्समेन द्वारा तुरंत ना खाली करवा कर रात 11 बजे करीब राशन को खाली करवा रहा था। इस दौरान अपने साथ में रखे आनंद चौधरी को बाइक में बोरी रखकर वेंकटनगर की ओर भेजता जाता रहा जिसको देखकर वहां के ग्रामीणों को शक हुआ कि यह बोरी में क्या ले जाता है। पीडीएस गोदाम से एक बार रुकवाने के बाद भी वह नहीं रुका तो ग्रामीणों ने सख्ती और उसका पीछा करते हुये कुछ दूरी पर चावल के साथ पकड़ लिया गया। इसके बाद सरपंच ग्राम पंचायत मुंडा, सरस्वती सिंह मरावी उप सरपंच खेमचंद राठौर पंच समत भैना महेश राठौर एवं मंडल महामंत्री भाजपा वेंकट नगर त्रिवेंद्र सिंह मरावी राजकुमार राठौर एवं अन्य ग्रामीण लोग को सूचना दिया गया एवं 100 नंबर पुलिस सेवा को कई बार लगाया गया फिर नहीं लगा इसके बाद थाना प्रभारी जैतहरी को लगाया गया किंतु फोन रिसीव नहीं हुआ जिसके बाद बाइक में लदे राशन बोरी कार्यालय ग्राम पंचायत मुंडा में रात्रि 12 बजे के करीब रखा गया जिसको देखते हुए में ग्रामीणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती वाल्मीक राठौर को फोन लगाकर सेल्समेन सोहन यादव एवं आनंद चौधरी रफीक खान के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

## प्रभारी प्राचार्य छात्रों को कर रही जातिगत अपमानित



**राजेन्द्रग्राम।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़की के छात्रो को प्रभारी प्राचार्य आये दिन जातिगत तरीके से अपमानित करते हुये उन्हे परेशान कर रही है। जिससे व्यथित होकर यहां के छात्रों ने पोड़की के सरपंच को लिखित शिकायत की है। जिसमे लेख किया गया कि श्रीमती जागृति सोनी शिक्षक प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ है। जब जब ये प्रभारी प्राचार्य पद पर रहती है छात्र-छात्राओं के ऊपर अनावश्यक दबाव बनाती है। जैसे राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त व 26 जनवरी में सांस्कतिक कार्यक्रम के लिए छात्र-छात्राएं आदिवासी परंपरा व परिधान के अनुसार से सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाने की तैयारी करते हैं जिसे शिक्षिका पसंद नही करती तथा जातिगत अपमानित करते हुये कहती हैं कि तुम आदिवासी लोग क्या जानते हो कि कला कैसा होना चाहिए ऐसा कहकर हमें बार बार अपमानित करती हैं। यदि कोई बच्चा बीमार हो जाता है तो उसे अपशब्द बोलकर, गलत नजरिये से चिढ़ाती है और जातीवाद की भेद भाव करती है। यहां के छात्रों ने प्रभारी प्राचार्य पर मानसिक प्रताड़ना समेत अन्य प्रकार से प्रताड़ति कर परेशान करने का आरोप लगाते हुये तत्काल स्थानांतरण व इनके स्थान पर किसी अन्य को प्राचार्य के रूप मे पदस्थ करने की मांग किये है।

### कांग्रेस ने ठुकराया राम मंदिर का न्योता तो पार्टी में शुरू हुई कलह

# अयोध्या, राम मंदिर और कांग्रेसः न माया मिली, न राम

### कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ने किया विरोध, बताया हिंदू समाज का अपमान

**अनूपपुर।** अयोध्या मे 22 जनवरी को रामलला की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार कर कांग्रेस आलोचनाओं मे घिर गई है। कांग्रेस हाईकमान ने इसे बीजेपी आरएसएस का समारोह बताते हुये न्यौते को ठुकरा दिया जिसके बाद पार्टी के फैसले पर कांग्रेस के नेता ही सवाल उठाते हुये समारोह मे नही जाने को हिंदू समाज का अपमान बताया वही कांग्रेसी ही विरोध करते नजर आये। इस मामले मे कांग्रेस दो फाड़ हो गई है। कांग्रेस का हिंदू वोट अभी समाप्त नहीं हुआ बिखर जरूर गया है। उसको एकजुट करने के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत करना एक सही मौका था, लेकिन कांग्रेस ने अपनी स्पष्ट इनकार से उसे खो दिया। एक तरफ तो कांग्रेस राम को भारत के लाखों लोगों का आराध्य स्वीकार करती है तब उसे उन आराध्य की आराधना के अवसर पर जाना चाहिए था। अयोध्या में भगवान राम के जन्मस्थान पर बन रहे मंदिर की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का श्रेय आज भले ही आरएसएस, व्हीएचपी और आरएसएस ले रही हो, किंतु मार्ग तो कांग्रेस ने ही प्रशस्त किया था। ऐसे में कांग्रेस ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट का न्योता ठुकरा कर अपने ही पांवों पर ही कुल्हाड़ी मारी है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में न जाने का फैसला कर भले ही वह अपने को सेकुलर जताने का दावा करे, लेकिन वोटर्स को पता है कि वह कितनी सेकुलर है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह एक ऐसा अवसर था, जब कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी के वर्चस्व को तोड़ सकती थी।






### बीजेपी को झटका दे सकती थी कांग्रेस

बीजेपी के इस गुब्बारे की हवा कांग्रेस निकाल सकती थी। मगर आजकल जिन अतिवादियों की तूती वहां बोल रही है, वे उसे माध्यम मार्ग पर चलने नहीं देंगे। कांग्रेस ने अपने एक बयान में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के 2019 के फैसले का वह पालन करती है. किंतु बीजेपी अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति हेतु उस अर्ध निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कर रही है, जो अनुचित है। कांग्रेस की बात अपनी जगह सही है, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति में होती है, मंदिर की नहीं यह भी सही है, कि बीजेपी ने इसे अपनी हित पूर्ति का साधन बना रखा है।

### पार्टी के अंदर कई नेता फैसले से खफा

इस मामले मे कांग्रेस के अंदर भी विरोध शुरू हो गया है। अनूपपुर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल ने अपने फेसबुक पेज पर पार्टी के फैसले हिंदू समाज का अपमान बताये हुये इसका विरोध किया है। कई अन्य नेता भी कांग्रेस हाईकमान के इस निर्णय से खुश नहीं हैं। भले प्राण प्रतिष्ठा बीजेपी की अगुवाई में हो लेकिन मुख्य विरोधी दल के इसी तरह के रवैये से फायदा बीजेपी को खूब हो रहा है। कई बार तो लगता है कि बीजेपी को जिताने के जितने प्रयास पार्टी करती है, उससे कहीं अधिक प्रयास कांग्रेस कर रही है।

# राम के ऐसे भी अनोखे भक्त साइकिल से 730 किमी का सफर तय कर पहुंचेंगे अयोध्या

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का जुनून

**कोतमा।** प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए छः राम भक्त, छत्तीसगढ़ के कोरबा से अयोध्या तक का सफर साइकिल से कर रहे हैं। सुग्रीव यादव, मनीष साहू, नीतीश साहू, शाश्वत पाण्डेय, सहाया जोसेफ, दिलेश्वर पटेल और अभिजीत साइकिल से तकरीबन 730 किलोमीटर का सफर तय करेंगे। सभी ने 15 जनवरी तक अयोध्या पहुंचने का लक्ष्य बनाया है। कोरबा के रामजानकी मंदिर बुधवारी से पूजा करने के बाद शाम 5 बजे उन्होंने अपनी यात्रा शुरू की थी। राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सभी राम भक्तों में उत्सुक्ता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। आयोजन में सम्मिलित होने के लिए देश-विदेश से लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसी बीच साइकिल से छः युवक, छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा जिले से अयोध्या के लिए निकले हैं। कोरबा से अयोध्या की दूरी लगभग 730 किमी है। ऐसे में सभी छः भक्तों का जत्था साइकिल से यात्रा करके अयोध्या पहुंचेगे। शनिवार को सभी छः युवक कोरबा से लगभग 220 कि.मी की यात्रा तय करते हुये कोतमा तक पहुंचे। कोतमा के बसखली तिराहा में स्थित शुक्ला ढाबा पहुंचे जहां ढाबा के संचालक प्रकाश शुक्ला ने साइकिल



से यात्रा कर रहे सभी राम भक्तों का स्वागत करते हुए उन्हें भोजन कराया उसके बाद राम भक्त आगे की यात्रा के लिए अनूपपुर की ओर निकल गए। सभी राम भक्तो ने करीब 730 किमी की दूरी तय कर 15 जनवरी तक अयोध्या पहुंचने का लक्ष्य बनाया है। सभी भक्तों ने तय किया है कि वह रोजाना औसतन 80 से 90 किलोमीटर की यात्रा प्रतिदिन तय करते है।

### यह रहेगा रूट

राम भक्तों के सफर की चर्चा तेजी से नगर मे फैली, जानकारी मिलने के बाद कई राम भक्तों ने उनका स्वागत किया। बताया जा रहा है कि कोरबा से मरवाही होते हुये कोतमा अनूपपुर होते हुये रीवा प्रयागराज होते हुये अयोध्या पहुचेंगे। बताया जा रहा है कि यात्रा के दौरान उनके पास राम की छवि वाला पारंपरिक धार्मिक झंडा साथ ही भारत का राष्ट्रीय ध्वज भी रखे हुये है।

# भुवनेश्वर में बैडमिंटन प्रतियोगिता में दीपाली गुप्ता ने जीता खिताब

### इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स डिपार्टमेंट मे दिखाया हुनर

**भालूमाड़ा।** उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स डिपार्मेंट द्वारा आयोजित महिला वर्ग बैडमिंटन टूनार्मेंट मैं अनूपपुर जिले के पसान नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुमन राजू गुप्ता की बेटी दीपाली गुप्ता ने अपने खेल की प्रतिभा से एक बार फिर से नगर का नाम रोशन करते हुए बैडमिंटन खिताब अपने नाम किया है। इंडियन ऑडिट एंड एकाउंट डिपार्टमेंट के द्वारा आयोजित आई ए एन्ड ईस्ट जोन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन 10 जनवरी से 12 जनवरी तक भुवनेश्वर में किया गया था जहां पर दीपाली गुप्ता ने अपने डिपार्टमेंट ऑडिट एंड अकाउंट पटना की ओर से खेलते हुए महिला सिंगल का खिताब अपने नाम किया तो वहीं डबल्स का खिताब भी अपने साथी के साथ मिलकर जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता मैं ईस्ट जोन के बंगाल, मणिपुर, झारखंड, असम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड आदि राज्यों के प्रतिभागी खिलाड़ी शामिल रहे हैं जहां दीपाली गुप्ता ने प्रारंभ से ही पूरे मैच में जीत हासिल करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई। प्रतियोगिता का फाइनल 12 जनवरी को खेला गया जहां दीपाली गुप्ता ने ऑडिट एंड अकाउंट पटना की ओर से खेलते हुए सिंगल्स का खिताब लगातार दोनों सेटों में जीतकर अपने नाम किया वहीं डबल्स के मुकाबले में दीपाली और उसके साथी सिमरन ने पहला मैच गंवाते हुए लगातार दोनों मैच को जीतकर डबल्स का भी खिताब अपने नाम किया। ज्ञात हो कि दीपाली गुप्ता



वर्तमान मे ऑडिट एंड अकाउंट विभाग पटना में पदस्थ है और उसकी पदस्थापना में उसके खेल का बहुत बड़ा योगदान है उसका चयन भी उसके खेल और उसकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर हुआ था। दीपाली गुप्ता बचपन से ही इस छोटे से नगर में रहते हुए अपने पिता के साथ खेलकूद में आगे रही है 12 वर्ष की आयु में दीपाली ने अपने पढ़ाई के दौरान छत्तीसगढ़ में आयोजित अंडर थरटीन बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता बनी थी और तब से लेकर आज तक दीपाली ने अनेक प्रतियोगिताओं में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके पूर्व पढ़ाई के दौरान ही दीपावली गुप्ता ने छत्तीसगढ़ में वर्ष 2015 से लेकर 2019 तक लगातार छत्तीसगढ़ में आयोजित स्टेट लेवल चैंपियनशिप में खिताब अपने नाम किया था। यह खिताब पहली बार किसी को लगातार पांचवीं बार मिला था इसके साथ ही देश के अनेक हिस्सों में दीपाली ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने नगर का अपने प्रदेश का नाम रोशन किया। दीपाली खेल के साथ-साथ अपने पढ़ाई पर भी पूरा ध्यान देती रही और इसी का परिणाम रहा कि उसके खेल और उसकी योग्यता के आधार पर उसका चयन बिहार के पटना में ऑडिट एंड अकाउंट विभाग में हुआ और आज दीपाली अपने डिपार्टमेंट में काम के साथ-साथ खेल में भी अपने डिपार्टमेंट और अपने प्रदेश का नाम रोशन कर रही है दीपाली की इस उपलब्धि पर जहां उसके डिपार्टमेंट के लोगों ने उसे बधाई शुभकामनाएं दी वहीं उसके गृह नगर अनूपपुर पसान में भी बेटी की इस उपलब्धि पर सभी प्रसन्न है।

## चिकित्सा के नाम पर भ्रष्टाचार कर रहे डॉक्टरों पर दर्ज हो आपराधिक मामला

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी संयुक्त जिला शहडोल के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने प्रेस जारी कर एक बयान में कहा है कि चिकित्सालय शहडोल में पदस्थ चिकित्सक के द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीज के सर्जरी में पैसा लेना गंभीर अपराध तथा यह शहडोल संभाग के लिए शर्मनाक है। भाजपा नेता श्री गुप्ता ने कहा शहडोल संभाग में स्थित जिला चिकित्सालय में आये दिन चिकित्सक सर्जरी एवं डिलेवरी के नाम पर हजारों रुपए वसूलते है चिकित्सालय में इस आचरण से मरीजों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण से सरकार की छवि खराब हो रही है। पिछले दिनों जैतपुर विधानसभा के विधायक के ड्राइवर से सर्जरी में चिकित्सक द्वारा पैसा लेने की घटना घटित हुई है जिस पर पैसा वापस दिलाने के पहल को बचकानी हरकत बताया है। भाजपा नेता श्री गुप्ता ने कहा यह वैसी ही घटना है जब कोई चोर पकड जाए तो उससे चोरी का सामान वापस दिलाते हुए क्लीन चिट दे दो और अपनी पीठ थपथपाओ। श्री गुप्ता ने कहा कि इसी तरह अनूपपुर जिला चिकित्सालय में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रजापति के विरूद्ध आये दिन गरीब मरीज शिकायत करते है कि डॉ. प्रजापति बिना पैसे लिए कोई ऑपरेशन नही करते है ऐसे भ्रष्ट व धूर्त डॉक्टरों के कारण जिला चिकित्सालय चारागाह बना हुआ है। श्री गुप्ता ने कहा कि शहडोल संभाग में चिकित्सा व्यवस्था अनूकूल नहीं है जिसके कारण झोलाझाप डॉक्टर फर्जी डिग्री लिखकर जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालय में खुलेआम प्रेक्टिस कर रहे है जिससे मरीजों का आर्थिक शोषण के साथ ही असमय मृत्यु के काल में ढकेल देते है। श्री गुप्ता ने मुख्यमंत्री एवं नवागत कमिश्नर से अपेक्षा किया है कि ऐसे भ्रष्ट एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाह चिकित्सकों पर आपराधिक प्रकरण कायम कराते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही समय-सीमा में करना सुनिश्चित करे।

## अयोध्या दर्शन के लिये पत्र और पीले चावल से कर रहे आमंत्रित

**अनूपपुर।** 22 जनवरी को अयोध्या जी में नव निर्मित श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व घर-घर पहुंच कर राम सेवकों द्वारा प्रतिदिन हजारों परिवारों को अक्षत और श्री राम प्रतिमा सहित आमंत्रण पत्रक देकर अयोध्या दर्शन के लिये आमंत्रित किया जा रहा है। अयोध्या जी में श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा से पूर्व समूचा देश राम मय सा हो गया है। पवित्र भाव से जिला मुख्यालय अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी, बिजुरी, राजनगर, डोला, बनगंवा, डूमरकछार, चचाई, अमरकंटक, वेंकटनगर, राजेन्द्रग्राम जैसे नगरीय और लगभग सभी ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों राम भक्त स्वयंसेवक रामधुन के गायन और ढोल,मंजीरा, शंख, घंटे के नाद के साथ घर घर जाकर लोगों को अयोध्या जी श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा की सूचना देकर उन्हे अयोध्या जी आने के लिये आमंत्रित कर रहे हैं। यहाँ यह विशेष उल्लेखनीय है कि अयोध्या जी से अक्षत कलश सभी जिलों में आने के बाद इनकी शोभा यात्रा निकाल कर अक्षत कलश को प्रमुख मन्दिरों में स्थापित कर दिया गया था। अब यही अक्षत और श्री राम जन्म भूमि मन्दिर का आमंत्रण पत्रक लेकर सैकड़ो राम भक्त स्वयंसेवक स्वतः स्फूर्त निः स्वार्थ भाव से घर - घर जाकर लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। कुछ ऐसी टोलियां भी हैं जो रामधुन के साथ पताका लिये हुए प्रातः प्रभात फेरी में निकल रही है। जिन परिवारों में अक्षत, पत्रक लेकर ये रामसेवक पहुंच रहे हैं वहाँ लोग श्रद्धायुक्त भाव से इनके माथे पर तिलक लगाकर, आरती उतार कर और इन्हे मिठाई खिलाकर इनका भावभीना स्वागत कर रहे हैं।

## सपना परमार का रेलवे कांग्रेस ने नारी शक्ति के रूप किया सम्मान



**अनूपपुर।** परिवार जैसा अपनापन एवं रेल प्रशासन व रेलवे मजदूर कांग्रेस के नेताओं के प्रयास के कारण मात्र पांच माह में ही भारतीय रेल में ज्वाइन करने के बाद अपने गृह नगर रतलाम स्थानांतरण होकर जाने सौभाग्य मुझे मिला, अनूपपुर आपरेटिंग विभाग के सभी अधिकारी व साथी कर्मचारियों का हृदय से आभार कि लड़की होने के बाद भी कार्य स्थल पर बिना भय के कार्य कर पाने में सफल रही। अनूपपुर में मुझे सभी से अपनापन मिला रेलवे मजदूर कांग्रेस ने मुझे मेरे घर भेजने जो सहयोग किया उसे जीवन पर्यन्त नहीं भूलूंगी। उक्त उद्गार रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर में अपने विदाई समारोह में मंच से आपरेटिंग विभाग स्टाफ सुश्री सपना परमार ने कहा। रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के सचिव रामदास राठौर ने बताया कि 12 जनवरी को रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया विगत 05 माह पूर्व ही सुश्री सपना परमार ने आपरेटिंग विभाग में ट्राफिक अस्टिटेंट में अनूपपुर में पदस्थ हुई। मेहनती रेल कर्मचारी के रूप में पुरुषों के बराबर अपने कार्य को किया, परिवार की समस्याओ को देखते हुए उन्होंने रतलाम स्थानांतरण का अनुरोध आवेदन कर मजदूर कांग्रेस से सहयोग मांगा रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी, मंडल समन्वयक बी कृष्ण कुमार व सी आई सी प्रभारी व संयुक्त महामंत्री लक्ष्मण राव के द्वारा बिलासपुर व रतलाम मंडल से लगातार संपर्क कर सुश्री सपना का अपने घर रतलाम मंडल स्थानांतरण करा दिया गया। रेलवे मजदूर कांग्रेस ने नारी शक्ति सम्मान के तहत फुलों के बुके शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान सहित विदाई समारोह कर विदा किया गया। विदाई सम्मान समारोह में रेल कर्मचारियों सहित शाखा पदाधिकारी सचिव रामदास राठौर, जयंतो दासगुप्ता, सिराज मंसूरी, सदाशिव पाण्डेय, एस. संजीव राव, मजहर खान, पी.व्यंकट राव , अशोक राठौर, के. व्ही.आर मूर्ति, जी सूर्या राव, थानू सिंह, मदन दत्ता आदि उपस्थित रहे।

# आधी रात अचानक घर के आंगन मे आ धमके दो हाथी

### हाथियों के निरंतर आतंक से मानसिक रूप से परेशान ग्रामीण

**अनूपपुर।** दो हाथियों का समूह जो विगत चार दिनों से अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर तहसील अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में पूरी रात विचरण करता शुक्रवार की सुबह जैतहरी में स्थित मोजरबेयर प्लांट में पूरे दिन ठहरने बाद देर रात अमगवां,बेलिया गांव के किनारे से जैतहरी नगर के बेलिया फटाक से राजा पेट्रोल पंप एवं गंगा पेट्रोल पंप के पीछे मानसिंह धुर्वे जो अपने चार कमरे के ईट के बने मकान में पत्नी एवं दो बच्चों के साथ रह रहा है। रात 12 के लगभग अचानक आंगन मे दो हाथी घर के पास आकर घर का दोनों दरवाजा तोड़ दिया जिससे डरे एवं सहमे मानसिंह एवं उनकी पत्नी एवं पत्नी 48 वर्षीय कुंतीबाई, 17 वर्षीय पुत्री ज्योति, 10 वर्षीय पुत्र प्रेमसिंह घर के अंतिम कमरे में छिप कर अपनी जान बचाई इस बीच



हाथी के घर में प्रवेश की सूचना मिलने पर गोवरी बीट के वनरक्षक कुंदन कुमार शर्मा ग्रामीणों के साथ आंगन में खड़े दोनों हाथियों को भगाने के लिए पटाखा फोड़कर, हो-हल्ला करने पर हाथी आंगन से निकलने पर मान सिंह के परिवार को सुरक्षित बचाया, वनरक्षक शर्मा के प्रयास के कारण एक परिवार हाथियों के अचानक आ जाने से चपेट में आते-आते बच सका। हाथियों द्वारा मानसिंह के आंगन एवं घर में रखें धान को आहार बनाते हुए पड़ोस मे सीमेंट की बाउंड्री तोड़ते हुये भोला सिंह के खेत में लगे मसूर एवं अरहर की फसल को 3 बजे रात तक चरते रहे जिसके बाद हाथी अनूपपुर-जैतहरी मुख्य मार्ग एवं रेलवे लाईन, तिपाननदी पार कर नदी के ऊपर गोबरी पंचायत के बेलिया कचरा में रह रहे सुदामा कोल के कच्चे मकान को सात माह के मध्य पांचवीं बार तोड़ते हुए पूरी तरह नष्ट कर दिया। शनिवार की सुबह दोनों हाथियों का समूह अपने अस्थाई स्थल गोवरी बीटमें ठेगरहा के जंगल की झुरहीतालाब नामक स्थल पर पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। ग्रामीण अब हाथियों के निरंतर आतंक के कारण मानसिक रूप से परेशान हैं।

# मकर संक्रांति को लेकर लोगों के मन में असमंजस की स्थिति

**अनूपपुर।** मकर संक्रांति को लेकर इस बार लोगों के मन में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। यह 14 या 15 जनवरी को होगा। मकर संक्रान्ति हिन्दू धर्म का प्रमुख त्योहार है। यह पर्व पूरे भारत में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है जब भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब मकर संक्रान्ति को मनाया जाता है। यह त्योहार अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 14 जनवरी को मनाया जाता है पर कभी-कभी यह त्योहार 15 जनवरी को भी पड़ता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि सूर्य कब धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इस दिन सूर्य की उत्तरायण गति आरंभ होती है और इसी कारण इसको उत्तरायणी भी कहते हैं। मकर संक्रांति पर इस बार दो तिथियों को लेकर लोग उलझन में हैं। हालांकि संक्रांति तब शुरू होती है जब सूर्य देव राशि परिवर्तन कर मकर राशि में पहुंचते हैं। इस बार सूर्य देव 15 जनवरी की प्रातःकाल 2 बजकर 54 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश कर रहें हैं। अतः 15 जनवरी सोमवार को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इस दिन गंगा स्नान, पूजा, जप-तप और दान करने का विधान है। शास्त्रों में निहित है कि मकर संक्रांति तिथि पर सूर्य देव उत्तरायण होते हैं। यह समय देवताओं के लिए दिन का होता है। इस दौरान प्रकाश में वृद्धि होती है। धार्मिक मत है कि मकर संक्रांति तिथि पर स्नान-ध्यान कर पूजा-पाठ करने से अमोघ फल की प्राप्ति होती है।

कब से शुरू होगा पुण्य काल

इस बार पुण्यकाल 15 जनवरी को सुबह 7 बजे से शुरू हो जाएगा,जो सूर्यास्त शाम को 5 बजकर 36 मिनट तक रहेगा। इसमें स्नान, दान,जाप कर सकते हैं। मकर संक्रांति का महापुण्य काल प्रातः काल 7 बजे से प्रातः काल 8 बजकर 46 तक रहेगा।

### मकर संक्रांति पर दान का समय

मकर संक्रांति के दिन स्नान के उपरांत सूर्य सहित नवग्रहों की पूजा और भगवान विष्णु की पूजा के बाद दान आरंभ करना चाहिए। वही श्री त्रिपाठी ने बताया की आपकी जो भी श्रद्धा हो उसके अनुसार आप वस्त्र,अन्न और धन का दान कर सकते हैं। मकर संक्रांति के दिन तिल और खिचड़ी का दान बहुत ही शुभ माना गया है। दान का समय सुबह 7 बजे से सूर्यास्त पूर्व तक रहेगा। यह मुहूर्त दान आदि करने के लिए बेहद शुभ है। इसमें आप ब्राह्मणों और जरुरतमंदों को खिचड़ी, गुड़, काले तिल,ऊनी कपड़े आदि दान करें। सूर्य भगवान का आशीर्वाद आपके साथ रहेगा। मान्यता है कि मकर संक्रान्ति से सूर्य के उत्तरायण होने पर देवताओं का सूर्योदय होता है और दैत्यों का सूर्यास्त होने पर उनकी रात्रि प्रारंभ हो जाती है। उत्तरायण में दिन बडे और रातें छोटी होती हैं। दरअसल, सूर्य नारायण बारह राशियों में एक -एक माह विराजते हैं, जब भास्कर देव कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक,और धनु राशि में रहते हैं तो इस काल को दक्षिणायन कहते हैं। इसके बाद सूर्य नारायण मकर, कुंभ, मीन, मेष, वृष और मिथुन राशि में क्रमशः एक-एक माह रहते हैं। इसे ही उत्तरायण कहते हैं और जिस दिन भगवान सूर्य उत्तरायण होते हैं तो उस तिथि को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। इस दिन सूर्य नारायण मकर राशि में प्रवेश करते है।

# सीबीआई ने दूसरे दिन भी की छापामार कार्यवाई

### पीआरटी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में खंगाले दस्तावेज

**अनूपपुर।** उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जिले में लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी सीबीआई ने नर्सिंग कॉलेज में छापामार कार्यवाई करते हुए पंडित रामगोपाल तिवारी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ग्राम हरी में दबिश दी। ज्ञात हो कि सीबीआई ने इसके पूर्व भी शहर के तीन कॉलेज में छापा मारते हुए अवश्यक कागजात को जप्त किया था। सीबीआई की टीम ने दूसरे दिन शनिवार को नर्सिंग कॉलेज अनूपपुर में छापा मार कार्रवाई कर भवन, शैक्षणिक, स्टाफ, छात्रों को क्लीनिकल सुविधा, लाइब्रेरी, क्लासरूम, लैब, प्रिंसिपल को 15 वर्ष का अनुभव, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर को 13 से 10 साल का अनुभव इन बिंदुओं पर जांच की जा रहीं है। सीबीआई इस मामले कुछ भी कहने से बच रहीं है। एक दिन पहले 12 जनवरी को भी सीबीआई ने रिलायंस इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग कॉलेज में भी छापा मारा था। यहां दस्तावेज खंगालने के बाद टीम जिला चिकित्सालय भी पहुंची थी। जहां सिविल सर्जन से बंद कमरे में पूछताछ की थी। ज्ञात हो कि नर्सिंग कॉलेज के छात्र जिला अस्पताल में प्रशिक्षण लेते हैं। इन्हीं सभी दस्तावेज को खंगाले के लिए जिला चिकित्सालय सीबीआई की टीम पहुंची थी।

### नियम के विरुद्ध संचालन

नर्सिंग कॉलेज एक ही बिल्डिंग में कई कोर्स संचालित करते हैं। पैरामेडिकल, नर्सिंग के साथ बीएससी, बीए, बीसीए, बीकॉम, एमएसडब्ल्यू, पीजीडीसीए सभी विषय एक ही कॉलेज में कराया जा रहा है। जबकि नियमानुसार सभी कोर्स के लिए अलग-अलग भवन होना चाहिए। नर्सिंग और पैरामेडिकल छात्रों के लिए लैब एवं अन्य सुविधा होनी चाहिए, लेकिन नर्सिंग कॉलेज सभी नियमों को ताक पर रखकर एक ही बिल्डिंग में सभी कोर्स संचालित कर रहा है।